**दिनांक–26.02.2026 को प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के अन्तर्गत 43 कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल के कार्यालयों के लिए नवसृजित पदों में से प्रमण्डलीय लेखापाल के पद के संबंध में आहूत बैठक की कार्यवाही :–**

---

**उपस्थिति :–**

| | |
|---|---|
| 1 | श्री मनोज कुमार, अपर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग |
| 2 | श्री ब्रजेश, संयुक्त आयुक्त, वित्त विभाग |
| 3 | श्री संतोष कुमार राजेश, वरीय लेखा पदाधिकारी, महालेखाकार कार्यालय |
| 4 | श्री निखिल कुमार, मुख्य अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग |
| 5 | श्री कमरे आलम, अधीक्षण अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग |
| 6 | श्री राजीव रंजन तिवारी, उप सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग |
| 7 | श्री नवनीत प्रकाश, उप सचिव, पथ निर्माण विभाग |
| 8 | श्री धर्मेन्द्र कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग |

विभागीय संकल्प ज्ञापांक–4929 दिनांक–02.05.2025 द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत गठित एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों के सफल संचालन हेतु कुल 663 विभिन्न कोटि के गैर तकनीकी पदों का सृजन किया गया है, जिसमें कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल के 43 कार्यालयों में 01–01 प्रमंडलीय लेखापाल का पद सृजित किया गया है।

2. उक्त सृजित प्रमंडलीय लेखापाल के पद पर पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति हेतु महालेखाकार कार्यालय से अनुरोध किया गया था। उक्त संबंध में प्रधान महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, पटना के अर्द्ध.शा.पत्र सं. WM-I/2025-26/663 दिनांक–27.08.2025 के आलोक में दिनांक–19.11.2025 को बैठक आहूत की गयी। पुनः प्रधान महालेखाकार (ले० एवं ह०) के अर्द्ध.शा.पत्र सं. WM-O/e-171397/1076 दिनांक–30.01.2026 उपलब्ध कराया गया। उक्त पत्र में निम्नवत् तथ्यों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है:–

" ............Following this creating, the office of the Comptroller and Auditor General of India (CAG) has granted approval for these 43 Divisional Accountant posts vide Letter No. 702/Staff Appointment-III/119 dated 31.07.2025.

The expenditure details for the work being carried out in these 43 divisions have not been received by this office, making it impossible to categorize the divisional expenses. In the absence of these expenditure figures, it is difficult to determine the importance (Categorization) of the divisions. Also, I would like you to inform this office about the most input Divisions as we have shortages of Divisional Accountants.

Kindly inform us about the payment process being followed in these divisions at present. Also, please provide the details of the work expenditure incurred in these divisions. Instruction is also required to be issued to these divisions for making the vouchers as work vouchers which deal with work."

3. उक्त तथ्यों के आलोक में दिनांक 26.02.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के अन्तर्गत 43 कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल के कार्यालयों के लिए नवसृजित पदों में से प्रमण्डलीय लेखापाल के पदस्थापन के संबंध में विचार–विमर्श किया गया।

4. ज्ञातव्य हो कि नगर निकाय एक संवैधानिक संस्था है, जिसे 74वां संविधान संशोधन द्वारा संवैधानिक अधिकार प्रदत्त है। नगर निकायों को अपने नगर निकाय क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्यों एवं लोकहित से संबंधित मुद्दों पर निर्णय लेने हेतु संवैधानिक शक्ति प्रदत्त है। विभागीय कार्यों का कार्यान्वयन विभागीय कार्य प्रमंडलों के अभियंताओं की देख–रेख में PWD Code, Bihar Public Works Account Code एवं बिहार वित्त नियमावली के आधार पर किया जाता है जिसका भुगतान नगर निकायों द्वारा किया जाता है। नगर निकायों को विकासात्मक कार्य हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर सहायक अनुदान के रूप में राशि आवंटित की जाती है, जिसका व्यय बिहार नगरपालिका लेखा नियमावली (Bihar Municipal Account Rules) के तहत किया जाता है। इस कारण नगर निकायों में लेखा संधारण में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। अतः उक्त स्थिति में नगर निकायों के कार्य प्रमंडल में लेखापाल को पदस्थापित करने की तत्काल आवश्यकता नहीं है।

5. बैठक में उपस्थित पथ निर्माण विभाग, वित्त विभाग एवं महालेखाकार कार्यालय के पदाधिकारी से विचार विमर्श के उपरांत नगर निकायों में क्रियान्वित योजनाओं के लेखा से संबंधित कार्यों हेतु प्रमण्डलीय लेखापाल की प्रतिनियुक्ति/पदस्थापन के संबंध में निम्नलिखित निर्णय लिया गया :–

तत्काल एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के अन्तर्गत प्रमण्डलीय लेखापाल के नवसृजित पदों पर पदस्थापन की आवश्यकता नहीं है। भविष्य में विभागीय कार्यों की आवश्यकता के आलोक में प्रमंडलीय लेखापाल के पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया जा सकेगा।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह0/–
**(विनय कुमार)**
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक–01/स्था0 (विविध)–02/2025 ................/न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं ह0)/ प्रधान सचिव, वित्त विभाग/सचिव, पथ निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**प्रधान सचिव,**
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक–01/स्था0 (विविध)–02/2025 2713..../न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक– 07/3/26

**प्रतिलिपिः–** सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी 43 कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/03/2026

**(राजीव रंजन तिवारी)**
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।